>

Title: Need to augment railway services and facilities in Jharkhand.

श्री पशुपति नाथ सिंह (धनबाद): विगत कई वर्षो से झारखण्ड राज्य द्वारा रेलवे यातायात की निरन्तर बढ़ती मांग को देखते हुए केन्द्रीय रेल मंत्री जी से मैं मांग करता हूं कः-

1. झारखण्ड राज्य में नई ट्रेनें और ट्रेनों के फेरे में बढ़ोत्तरी की जाए जिसमें धनबाद-अहमदाबाद एक्सप्रेस, धनबाद-नागपुर-पुणे ट्रेन, साहेबगंज-धनबाद इंटरसिटी ट्रेन और हटिया-मुम्बई को प्रतिदिन हटिया-यशवंतपुर को प्रतिदिन, धनबाद-भुवनेश्वर को प्रतिदिन, नई दिल्ली-हावड़ा को प्रतिदिन, नई दिल्ली-हावड़ा राजधानी को प्रति दिन और फिरोजपुर-धनबाद का रांची तक विस्तार किया जाए।

2. धनबाद को रेलवे जोन बनाने, साहेबगंज में रेल मंडल कार्यालय खोलने और बोकारो को धनबाद रेल डिवीजन में शामिल किया जाए।

3. इसके साथ धनबाद, बोकारो, टाटानगर, रांची, देवधर, दुमका, पाकुड़, साहेबगंज को मॉडल रेलवे स्टेशन बनाया जाए, साथ ही साहेबगंज और चक्रधरपुर में रेलवे की हजारों एकड़ खाली पड़ी जमीन में रेल कारखाने का निर्माण किया जाए।